प्रश्न-अभ्यास

पाठ से—

प्रश्न 1. डाक्टर के लड़के कैलाश ने साँप को पाल रखा था फिर भी साँप ने उसे क्यों काटा?

उत्तर—साँप को लगा कि कैलाश उसपर आक्रमण करना चाहता है। अत: आत्मरक्षा में उसने कैलाश पर आक्रमण कर अंगुली को काट खाया। साँप की यह प्रकृति होती है कि वह तबतक आक्रमण नहीं करता जबतक उसे यह न लगे कि यह व्यक्ति उसे मारना या चोट पहुँचाना चाहता है।

प्रश्न 2. डा. चड्ढा बूढ़े व्यक्ति को क्यों खोज रहा था?

उत्तर—डा. चड्ढा उस बूढ़े व्यक्ति के उपकार का बदला चुकाना चाहता था तथा पूर्व में अपने व्यवहार के लिये उस बूढ़े से क्षमा मांगना चाहता था।

प्रश्न 3. डाक्टर के लड़के कैलाश को साँप ने काट लिया। इस खबर को सुनकर बूढ़े व्यक्ति को नींद क्यों नहीं आ रही थी?

उत्तर—मानवता का तकाजा और कर्त्तव्य की पुकार के कारण बुड्ढा चाहकर भी नहीं सो पा रहा था। अस्सी वर्ष के उसके जीवन में यह पहला अवसर था कि ऐसा समाचार पाकर भी वह दौड़कर न गया हो। इसका अन्तर्मन उसे अपने कर्त्तव्य के प्रति जागरूक कर रहा था।

पाठ से आगे—

प्रश्न 1. डाक्टर द्वारा बूढ़े के लड़के को देखने से इन्कार करने पर बूढ़ा व्यक्ति कैसा महसूस कर रहा होगा? अपने शब्दों में लिखिये।

उत्तर—बूढ़ा डाक्टर के इन्कार करने पर हतप्रभ हो गया। उसके मन को ठेस लगी। वह मन ही मन समझ गया कि उसके जीवन की आखिरी निशानी थी अब नहीं बचेगी। वह अन्दर से टूट गया पर कोई उपाय नहीं देख डोली उठवा ली और अपने घर को लौट गया।

प्रश्न 2. समाज में गरीबों का जीवन-स्तर सुधारने के लिये आप क्या करना चाहेंगे?

उत्तर—उसके लिये समाज में शिक्षा का प्रचार-प्रसार आवश्यक है। शिक्षा से जागरूकता आयेगी -समाज में सबको आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा।

प्रश्न 3. इस पाठ में आपको किसका चरित्र सबसे अच्छा लगा और क्यों ?

उत्तर—इस पाठ में सबसे अच्छा चरित्र उस बूढ़े का है जिसने मानव-मूल्यों की रक्षा की और डाक्टर चड्ढा के बेटे की जान बचाने के लिये आधी रात को उसके घर पहुँच गया। डाक्टर चडढा से बदला लेने की भावना उसके मन में आयी पर बूढ़े ने उस पर नियन्त्रण करते हुये डाक्टर चड्ढा के यहाँ जाने का निर्णय लिया। डाक्टर चड्ढा से इनाम या पारिश्रमिक पाने की अपेक्षा किये बिना वह घर वापस आ गया। इस प्रकार बूढ़े ने इन्सानियत का उच्च उदाहरण प्रस्तुत किया।

प्रश्न 4. इस पाठ से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

उत्तर—यह कहानी हमें शिक्षा देती है कि मानव मूल्य सर्वोपरि है-

जो तोको काँटा बोये, ताही बोउते तुम फूल
तोहे फूल का फूल है, ताको है त्रिशूल।।

मानवता की रक्षा के लिये ही ईश्वर ने मानव को इस धरती पर जन्म दिया है।

व्याकरण

प्रश्न 1. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए—

(क) चैन न आना

उत्तर—चिंता के कारण बूढ़े को चैन नहीं आ रहा था।

(ख) हवा देना

उत्तर—राम ने आंदोलन को और हवा दी।

(ग) पगड़ी उतारकर रखना

उत्तर—निर्धन पिता ने दहेज नहीं देने के कारण अपनी पगड़ी उतार कर पैर पर रख दी।

(घ) भूत सवार होना

उत्तर—उसे पैसा कमाने का भूत सवार है।

(ङ) कलेजा ठण्डा होना

उत्तर—पाकिस्तान की हार से भारत का कलेजा ठंडा हो गया।

(च) सीधा मुँह बात न करना

उत्तर—वह इतना घमंडी है कि सीधा मुँह बात भी नहीं करता।

प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों में अ उपसर्ग लगाकर विलोम बनाइए।

उत्तर— (क) धर्म = अधर्म। (ख) ज्ञान = अज्ञान।
(ग) भाव = अभाव (घ) सहमत = असहमत
(ङ) सावधानी = असावधानी।

कुछ करने को—

प्रश्न 1. समाज की कुरीतियों, भेदभावों से सम्बन्धित कहानियों का संकलन कीजिए तथा उसमें से कोई एक कहानी जो आपको अच्छी लगी वह अपने मित्रों को सुनाइए।

उत्तर—छात्र स्वयं करें।